तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ महिलाएं पहुंचीं कलेक्टोरेट



12 ठेका मजदूरों पर बढ़ी निर्भरता, अल्प वेतन और ...






# स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी अपनी नियमितीकरण एवं 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पड़ेगा और अस्पतालों में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

सोमवार जिले के लगभग 400 स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी तहसील कार्यालय के सामने धरने पर बैठे रहे ओर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी किए। इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर विरोध भी जताए। हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाओं के मानक तय करने वाले राष्ट्रीय पोर्टल का पूरा काम भी ठप हो गया है। संघ ने स्पष्ट किया है कि पिछले 20 वर्षों से लगातार सेवा देने के बावजूद एनएचएम कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं किया गया। धरने स्थल पर एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि समय-समय पर सरकार से वार्ता होने के बाद भी केवल आश्वासन मिले है। कर्मचारियों को न तो स्थायित्व मिला, न ही उचित वेतनमान। इसी के चलते 10 सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड समान कार्य के लिए समान वेतन, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, स्थानांतरण नीति, सेवा शर्तों का निर्धारण, सामाजिक सुरक्षा लाभ सहित अन्य 10 बिंदु शामिल है।

## नियमितीकरण और 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू किया आंदोलन



### आपातकाल में दी सेवाएं

जिला अध्यक्ष पूरन दास ने कहा हम 20 वर्षों से प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। कोरोना महामारी हो या आपातकालीन परिस्थिति, एनएचएम कर्मियों ने हमेशा अपनी जिम्मेदारी निभाई है। लेकिन आज जब हम अपने हक और भविष्य की सुरक्षा की बात करते है तो सरकार मौन है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। संघ के जिला प्रवक्ता बृजेश दुबे एवं डॉ अभिषेक यादव, डोमन यादव, मनीष शर्मा, प्रमोद साहू, दिनेश गंगबेर, लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार से पुनः आग्रह किया कि तत्काल ठोस पहल करते हुए कर्मचारियों की मांगों का समाधान निकाला जाए, अन्यथा आंदोलन और अधिक उग्र होगा।

## खबर संक्षेप

### चाकू से हमला किया आरोपी गिरफ्तार



**बेमेतरा।** चौकी खण्डसरा पुलिस ने हत्या की नियत से चाकू से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय में प्रस्तुत किया है। मामला ग्राम बेतर का है। प्रार्थी धुपेश ऊर्फ दद्दू चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त की रात कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर गांव में डीजे बज रहा था। रात्रि लगभग 8.30 बजे दुर्गा चौक के पास विवाद हुआ, जिसे ग्रामीण टीकम चंद्राकर ने बीच-बचाव कर शांत कराया, लेकिन रात करीब 10 बजे डीजे कार्यक्रम के दौरान उसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और एक नाबालिग ने आज तुझे जान से मार दूंगाक हते हुए प्रार्थी के भाई जलेश्वर चंद्राकर पर चाकू से प्राणघातक ▸▸ शेष पेज 13 पर

## घपला

### पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी, विधायक के निर्देश पर एसडीएम ने जांच टीम गठित की

# जलाशय की 3.15 एकड़ भूमि के रिकार्ड में हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ साजा

साजा के एकमात्र जलाशय की जमीन पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। वर्ष 2013 में जल संसाधन विभाग ने इस 40 हेक्टेयर के जलाशय को देखरेख के लिए नगर पंचायत को सौंपा था, लेकिन पिछले 10 सालों में जलाशय का नक्शा ही बदल गया है। बांध की जमीन का बड़े पैमाने पर बंदरबांट हुआ है, जिसमें राजस्व अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध लग रही है।

जलाशय की एक 3.15 एकड़ जमीन का रिकॉर्ड बार-बार बदला जा रहा है। ऑनलाइन रिकॉर्ड में यह जमीन पहले शासकीय- अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नाम पर दिख रही थी। बाद में इसे हटाकर 1 अगस्त को सरकारी कर दिया गया और फिर 14 अगस्त को जंगल के रूप में बदल दिया गया। इस हेराफेरी को विधायक ईश्वर साहू ने



गंभीरता से उठाया है। इसी बांध के बीच में मंडी बोर्ड द्वारा एक हाई स्कूल का निर्माण भी किया गया, जिसका राजस्व रिकॉर्ड में कोई उल्लेख नहीं है। इस अधूरे और जर्जर हो चुके स्कूल भवन के लिए 1 करोड़ का भुगतान भी हो चुका है। 1973 में बना यह जलाशय, जो कभी 24 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई करता था, अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। इसकी सीमाएं पूरी तरह से खत्म हो चुकी हैं और बांध की जमीन पर अवैध कब्जे कर बड़े-बड़े व्यावसायिक परिसर बना लिए गए हैं।

### विधायक ने दिए जांच के निर्देश

इस गंभीर मामले को लेकर विधायक ईश्वर साहू ने एसडीएम पिंकी मनहर और तहसीलदार मानकर से मुलाकात कर तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को बांध का सीमांकन करने और यह पता लगाने को कहा है कि किसकी अनुमति से अवैध निर्माण किए गए।

### पटवारी को नोटिस, जांच टीम गठित

इस मामले में पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एसडीएम ने इस मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की है, जिसमें तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और सिंचाई विभाग के एसडीओ शामिल हैं।

# मिनी स्टेडियम में बंद गायों की मौत, शवों को कुत्तों ने खाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरला/कुसमी

▪ नगर पंचायत कुसमी की लापरवाही आयी सामने

नगर पंचायत कुसमी की लापरवाही के कारण मिनी स्टेडियम में बंद गायों की हालत खराब है। बरसात में दिन-रात भींगने से बचाने गायों के लिए न छत है और न पानी है और न ही खाने के लिए चारा है। भूखी-प्यासी तड़पती गायों की हालत देखकर स्थानीय समिति व नगर पंचायत कुसमी आखिर जिम्मेदार व जनप्रतिनिधि ऐसी हालत को देखकर मौन क्यों हैं। अब तक दो गायों की मौत हो चुकी है।

### चारागाह की जमीनों पर अवैध कब्जा

नगर में गायों के चरने के लिए कोई चारागाह ही नहीं बचा है। सारी घास-जमीनों पर अवैध कब्जा हो चुका है। नगर पंचायत ने नोटिस तो जारी किया, लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं हुई। इससे लगता है कि नगर पंचायत सिर्फ कागजों में गौ सेवा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत में लापरवाही करती है।



### दो गायों का शव मिले

मिनी स्टेडियम में दो गायों का मृत शव पड़े होने की जानकारी मिली, जिसे बाहर निकाला गया और गांव में बैठक रखकर इसके लिए समिति गठित की गई है।

- श्रवण गाभने, सीएमओ नगर पंचायत, कुसमी






## खबर संक्षेप



### ठेठवार समाज ने मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**दुर्ग।** जिला यादव ठेठवार समाज दुर्ग नगर द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर यादव ठेठवार सामुदायिक भवन राजीव नगर में यदुकुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पूजा पाठ कर मनाया गया। कार्यक्रम में गुरूजी कलीराम यादव, भुनेश्वर यादव, जनक यादव, गैंदलाल यादव, मुकेश यादव, बृजराज यादव, अशोक यादव, शिव प्रसाद यादव, होमलाल यादव, रमेश यादव, सतीश कुमार यादव,राधेलाल यादव, संजय यादव,करण यादव,महेश ठेठवार, आशीष यादव, ऋषि यादव, तिलक यादव सहित बड़ी संख्या में दुर्ग जिला यादव ठेठवार समाज के पदाधिकारी शामिल हुए।

### दुर्ग के जैन परिवार ने दी नेत्रदान की सहमति



**दुर्ग।** भोमियाजी मोबाईल एवं नमन फूड प्रोडक्टस के संचालक गौतम जैन एवं मनीष जैन की माता गवलीपारा निवासी जतन बाई चौरड़िया (गंडई, दुर्ग) (76 वर्ष) के निधन के पश्चात उनके नेत्रों का दान किया गय। जतन बाई के परिवार की ओर से गौतम जैन, मनीष जैन ,शोभा जैन, मेधा जैन, मधु जैन, पुष्पा नाहटा, मनीषा, ममता, संगीता, सिद्धार्थ, विशाल, मनन ने नेत्रदान की सहमति दी। परिवार की सहमति मिलते ही नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया, रितेश जैन, राजेश पारख, प्रभुदयाल उजाला श्री जैन के गवलीपारा निवास पहुंचे एवं नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग किया। मध्य रात्रि श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बाचकर एवं नेत्र बैंक प्रभारी विवेक कसार ने कॉर्निया कलेक्ट किया।

### सोलो और ग्रुप डांस में लगाए ठुमके, गेम्स में जीता इनाम

**दुर्ग।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज दुर्ग नगर इकाई द्वारा तीज मिलन का आयोजन मनवा कुर्मी भवन शंकर नगर दुर्ग में किया गया। इस दौरान महिलाओं ने रैंप वॉक करते हुए ग्रुप और सोलो डांस में खूब ठुमके लगाए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर दीप्ति वर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष सरिता वर्मा, कृषि महाविद्यालय रायपुर प्रोफेसर अन्नू वर्मा और रिट डीएसपी सविता दास उपस्थित होकर महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा राधा कृष्ण की पूजा अर्चना व समाज के पुरोधा स्वामी आत्मानंद, वल्लभ भाई पटेल, डॉ खूबचंद बघेल के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस दौरान नलिनी वर्मा और सीमा वर्मा ने गजरा लगा कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कई मनोरंजक गेम्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी महिलाओं द्वारा किये गए। फ्री हाऊजी गेम में प्रथम सुशीला नायक, द्वितीय अर्चना वर्मा और तृतीय स्थान पर सीमा वर्मा विजेता रहीं।

# जेल तिराहा से मिनिमाता चौक तक बनेगी फोरलेन सड़क, जल्द होगा टेंडर

## विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर शासन से मिली 40 करोड़ रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जेल तिराहा से पुलगांव मिनिमाता चौक तक 4.75 किमी फोरलेन सड़क बनाने शासन से 28 करोड़ 57 लाख की स्वीकृति मिल गई है। इसी प्रकार यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 12 करोड़ 15 लाख की स्वीकृति मिली है। फोरलेन सड़क बनाने विष्णुदेव साय सरकार की यह पहली स्वीकृति है जिसे विधायक गजेन्द्र यादव पहल से दुर्गवासियों को मिली है। विधायक गजेन्द्र यादव के निरंतर प्रयासों से यह महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित कर आवागमन को सुरक्षित और सुगम बनाना इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य है। पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के अनुसार स्वीकृति राशि जारी होने के बाद शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

### आवागमन को बेहतर बनाने का है प्रयास

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने विधायक गजेन्द्र यादव निरंतर प्रयासरत है। वार्डों में भीतरी गलियों के सीमेंटीकरण के साथ ही प्रमुख सड़क का चौड़ीकरण पर काम किया जा रहा है। जेल तिराहा से महाराजा चौक, महाराजा चौक से मिनिमाता चौक पुलगांव तक सड़क को फोरलेन बनाया जाना है। विधायक गजेन्द्र यादव ने बीते माह पीडब्लूडी एवं सेतु के एसडीओ और इंजिनियर की टीम के साथ पुलगांव नाला के नये पुल, पोटिया चौक पर ब्रिज निर्माण और जेल तिराहा से मिनिमाता चौक पुलगाँव तक हेतु वर्तमान सड़क की चौड़ाई और प्रस्तावित सड़क कितना मीटर तक रहेगा इसका नापजोख कर ले आउट तैयार कर प्रस्ताव भेजे थे जिस पर शासन ने राशि की स्वीकृति प्रदान किये है।



### प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे शहर में विकास कार्य

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की जेल तिराहा से मिनिमाता चौक पुलगांव तक सड़क फोरलेन जाना है। जनता के मांग अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किये जा रहे है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित कर आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से पुलगांव तक यूटिलिटी शिफ्टिंग हेतु शासन ने राशि की स्वीकृति प्रदान किये है जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और समस्त केबिनेट मंत्रियों का दुर्ग की जनता की ओर से आभार जताये है।

## बीएसपी : उत्पादन को छोड़कर कर रहे हर काम, मेन पावर किल्लत से चुनौतियां बढ़ी

# ठेका मजदूरों पर बढ़ी निर्भरता, अल्प वेतन और कम सुविधाओं में लिया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर सिमटने का चौतरफा नुकसान हो रहा है। कर्मचारियों और ठेका मजदूरों पर वर्कलोड के साथ प्लांट की बड़ी चुनौतियों का भी सामना करने में दिक्कतें आ रही हैं। इस मामले में उच्च प्रबंधन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। यूनियनों द्वारा जल्द कर्मियों की भर्ती और ठेका मजदूरों की सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेल में लंबे समय से कर्मियों की भर्ती बंद है। इसका सबसे ज्यादा असर भिलाई इस्पात संयंत्र पर पड़ रहा है। सेल का सबसे बड़ा संयंत्र होने के कारण यहां से कंपनी व सरकार को सबसे अधिक अपेक्षाएं भी हैं। लेकिन इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए यहां पर्याप्त मेन पावर नहीं है। पिछले कई साल से भर्ती नहीं होने और हर महीने पचास से 70 कर्मचारी अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने से धीरे धीरे प्लांट की मिलें, शाप्स और अनुभागों में मेन पावर सिमटते जा रहा है। कंपनी नियमित मेन पावर की किल्लत की भरपाई ठेका मजदूरों से करने की कोशिश कर रहा है। नतीजन श्रमिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में मजदूरों की तादाद 25 हजार पहुंच चुकी है। जबकि नियमित कर्मी मात्र 12 हजार व अधिकारी ढाई हजार बच गए हैं। इसके चलते नियमित कार्मिकों के साथ मजदूरों पर भारी वर्कलोड बढ़ रहा है। वर्क्स और नान वर्क्स दोनों क्षेत्रों में ठेका मजदूरों पर प्रबंधन की निर्भरता बढ़ रही है। प्लांट के अंदर कई अनुभागों, मिलों व शाप्स आदि में बहुत कम कर्मी हैं, जो सुपरविजन की स्थिति में हैं, बाकी काम मजदूरों के भरोसे चल रहा है। यूनियनों के मुताबिक मेन पावर के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है। ठेकेदार अकुशल व अर्धकुशल मजदूरों को काम पर लगा दे रहे हैं। वहीं निष्पादन और एक्सापांशन प्रोजेक्ट आदि चुनौतियों के पूर्ण करने में भी दिक्कत आ रहा है।

### भर्ती है बंद, रिटायर हो रहे हर माह 75 कर्मचारी, बढ़ रहा वर्कलोड



#### आउटसोर्स का कस रहा शिकंजा

बीएसपी में तेजी से आउटसोर्स का शिकंजा कस रहा है। प्लांट के अंदर मेंटेनेस, क्लीनिंग, कई मिलों की टेक्निकल एडवाइज और लोको, टाउनशिप में उद्यानिकी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, मैत्रीबाग, मीटर, रीडिंग,अधिकारियों की कारों का संचालन आदि आउटसोर्स पर है। आने वाले समय में कुछ और विभागों को ठेके पर दिए जाने की तैयारी चल रही है।

#### प्रबंधन भारी भरकम वेतन व सुविधाएं वाले नियमित कार्मिकों की बजाए ठेका मजदूरों को भविष्य मान रहा

सेल व लोकल प्रबंधन ठेका मजदूरों की संख्या बढ़ा कर उनका भरपूर उपयोग तो कर रहा है। लेकिन उनका वेतन और सुविधाएं अल्प हैं। ठेका मजदूर यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि जिस हिसाब से ठेका मजदूर बढ़ाए जा रहे हैं, मानकर चलिए कि प्रबंधन भारी भरकम वेतन व सुविधाएं वाले नियमित कार्मिकोंकी बजाए ठेका मजदूरो को ही प्लांट का भविष्य मान रहा है। लेकिन उन्हें पर्याप्त वेतन व सुविधाएं नहीं दे रहा है। ठेका मजदूर को एस-11 के कर्मी के बराबर वेतन व बोनस की मांग अब तक पूरी नही हुई। प्रबंधन को मजदूरों वेतन समझौता जल्द करना चाहिए।

# सक्रिय योगदान के लिए कार्यकर्ता हुए सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शनिचरी बाजार स्थित राजीव भवन में अखिल भारतीय प्रोफेशनल कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ अभियान में योगदान के लिए कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर संविधान बचाने की मुहिम में जिन पंचायत, वार्ड, ब्लॉक, जिला के युवा कॉंग्रेस पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई, उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय जावेंद्र बंजारे एवं प्रदीप पाटिल श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संविधान के सिपाही सम्मान में समस्त युवा कॉंग्रेस के पदाधिकारियों को संविधान की एक प्रति भेंट की गई। जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सरस्वती रात्रि, पूर्व जनपद सभापति ज्ञानेश्वर मिश्रा, गुरदीप सिंह भाटिया ने दुर्ग जिले के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की खूब सराहना की। कार्यक्रम में 500 से अधिक की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख ने किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो आवाज बुलंद की है, उसे कांग्रेस हर कार्यकर्ता जनता तक पहुंचाने कटिबद्ध है। बिहार में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा के समर्थन में पोस्टर का विमोचन करके वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजीव नेताम, नजरुल खान, दीक्षा पांडे, प्रेम प्रकाश पांडे, डेविड चंद्राकर, अमित सिंह राजपूत, फिरोज खान, आकाश सेन, धर्मेश देशमुख, अहमद चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

# साइबर क्राइम रोकने निकली जागरुकता रैली, 1930 नंबर की दी जा रही जानकारी

## पुलिस कंट्रोल रुम से झंडी दिखाकर रथ को किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- धोखाधड़ी से बचने लोगों को किया जा रहा जागरूक




टिवनसिटी से साइबर जागरुकता रथ पुलिस कंट्रोल से निकाली गई। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने रथ को झंडा दिखाया। आयोजन एसबीआई और दुर्ग पुलिस का है।

रथ जिले के पांच चिन्हित क्षेत्रों से दुर्ग रेलवे स्टेशन, सुपेला मार्केट, बस स्टैंड दुर्ग, सिविक सेंटर, नेहरू नगर पहुंची। जहां नुक्कड़ नाटक ऑडियो - विजुअल वन और साइबर वार्ताओं के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन ठगी,साइबर अपराध की जानकारी दिया।

इन अपराधों से बचने की भी जानकारी दी गई। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, पद्मश्री तंवर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी,प्रबंधक एसबीआई रूपक कुमार मंडल भी मौजूद थे। रथ निकालने का उद्देश्य डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साइबर अपराधी अपने मंसूबे में सफल नहीं होंने देने रथ निकाल कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। आयोजन से बड़ी संख्या में जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक किया जा सकेगा।

एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइबर जागरूकता रथ के आयोजन की सराहना किया। उन्होंने कहा कि समय में साइबर ठगों द्वारा अलग-अलग तरीको से सायबर अपराधों हो रहा है। जागरूकता के अभाव के कारण ही आम जन सायबर ठगी का शिकार हो रही है। है। मौके पर मुख्य प्रबंधक एसबीआई सेक्टर 1 निशेष कश्यप, मुख्य प्रबंधक देव रंजन मिश्रा समेत पुलिस अधिकारी, कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शरद बैस ने किया।

### युवतियों और महिलाओं को दी स्वतंत्रता की सीख निःशुल्क बांटे सैनेटरी पैड

**भिलाई।** महिलाओं और युवतियों को पीरियेड्स और स्वास्थ के प्रति जागरुक करने के लिए अनुभूति श्री फाउंडेशन द्वारा आजादी के पर्व को सेलिब्रेट करते हुए सेनेटरी पैड वितरित किये गए। साथ ही बच्चों को मिठाई और चॉकलेट भी बांटे गए। इस अवसर पर अनुभूति श्री फाउंडेशन द्वारा कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद संस्था के सदस्यों द्वारा माया नगर रिसाली क्षेत्र में बच्चों को निशुल्क स्वल्पाहार के लगभग 150 पैकेट का वितरण किये। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं को माहवारी के विषय में स्वच्छता और बीमारियों से बचने की जानकारी देते हुए सभी को लगभग 7 सौ नग सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। स्वतंत्र देश में स्वतंत्र महिला का संदेश देते हुए अध्यक्ष डिंपल कौर ने इस विषय पर बेहिचक और खुलकर डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देकर किया सम्मानित



**भिलाई।** केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा भिलाई जीई रोड शाखा में डॉ अंबेडकर केनरा विद्या ज्योति छात्रवृत्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योजना के तहत बैंक द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति की पांचवीं से सातवीं और आठवीं से दसवीं की मेधावी छात्राओं को क्रमशः रुपए 3000 और रुपए 5000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम में भिलाई के आस पास के लगभग 80 छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन थे। विशेष रूप से प्रभा राव टीआई भिलाई उपस्थित रहीं। केनरा बैंक की ओर क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक एसके शुक्ला, मंडल प्रबंधक राहुल वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। एसके शुक्ला ने सभी छात्रों को अच्छी शिक्षा अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। भविष्य में उच्च शिक्षा के लिए उन्हें सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। रिकेश सेन ने मेधावी एससी/एसटी छात्राओं के कल्याण हेतु इस योजना के कार्यान्वयन में केनरा बैंक के पहल की सराहना की।

# बीएसपी साइकिल क्लब ने निकाली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



स्वतंत्रता दिवस पर बीएसपी साइक्लिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग और बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के तत्वावधान मे साइकिल रैली का आयोजन निकली। 75 बच्चों के साथ आयोजन संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। साइकिलिंग की। साइकिल रैली स्वामी विवेकानंद जन सेवा केन्द्र, सेक्टर-10 से शुरु होकर मिराज सिनेमा होते हुए प्रगति भवन सिविक सेंटर में समाप्त हुई। साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष एवं ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया कि यह सायकल रैली भारत को स्वतंत्रता दिलाने वाले सेनानियों एवं शहीद जवानों के याद में आयोजित किया गया है। इस आयोजन से हम भिलाई बिरादरी को पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन तथा स्वयं के स्वास्थ्य के लिए जागरूक करते हुए स्वच्छ भिलाई, सुंसद भिलाई का संदेश दिया। महासचिव परविंदर सिंह, दुर्ग जिला सायकल पोलो संघ के सचिव शशांक देशमुख, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव संजय तिवारी, ज्योति प्रकाश शर्मा, पकेके यादव आदि मौजूद थे।

## घर-घर जन्मे कान्हा, देर रात विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना

# बच्चों ने मनाई जन्माष्टमी, दही लूट के दौरान फोड़ी मटकी, आज भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- दही लूट के साथ कार्यक्रम का समापन




श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की, विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता किरण यादव, सुश्री रुचि अग्रवाल , सुश्री राजेश्वरी यादव के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें कक्षा नर्सरी से उदय तक के भैया ,बहनों ने भाग लिया। इनके निर्णायक डॉ शांति शर्मा सहसचिव सरस्वती शिक्षा समिति तथा विद्यालय के प्राचार्य कृपा शर्मा थीं। विजेता भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में राधा कृष्ण रास नृत्य, देशभक्ति नृत्य प्रभजीत कौर भाटिया दीदी के मार्गदर्शन में तथा दिवस पाली में राधा, कृष्ण नृत्य नाटिका, राऊत नृत्य तथा देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति पूर्णिमा भौमिक दीदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृतिक प्रमुख पूर्णिमा भौमिक ने किया। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में दही लूट का कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात भगवान कृष्ण की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त अवसर पर सरस्वती शिक्षा समिति अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव अरविंद सुराना, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, दिलीप गुप्ता सदस्य, वरिष्ठ सदस्य श्याम सुंदर खंडेलवाल, अनिल गौतम, राजेश यादव, रोहिणी पाटणकर, प्रकाश कानाबार तथा दुर्ग विभाग के विभाग समन्वयक हरिश्चंद्र साहू सहित अभिभावक, आचार्य एवं दीदियाँ उपस्थित थे।

### स्कूल के स्काउड गाइड ने किया पथ संचलन



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह में स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह घोष दल, स्काउट गाइड, रेड क्रॉस एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी, जय घोष करते हुए पथ संचलन राधिका सिन्हा दीदी के मार्गदर्शन में किया गया। तत्पश्चात विद्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद कुमार रुंगटा द्वारा दीप प्रज्वलन करने के पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# उरला में मना कोसरिया अहीर यादव समाज का स्थापना दिवस



**दुर्ग।** उरला में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज ने अपना 75वां स्थापना दिवस मनाया। यादव प्रमुखों के साथ दुर्ग महापौर अल्का बाघमार ने अहीरानियों के साथ राऊत नृत्य कर गोठान में कदम वृक्ष का रोपण किया। विधि विधान से जगतगुरु भगवान कृष्ण की आदम कद प्रतिमा की पूजा की। यादव समाज की मांग पर स्व. राधा बाई यादव के नाम पर धमधा नाका एफसीआई गोदाम के पास तीजहारिन चौक और आदमकद प्रतिमा स्थापित की घोषणा की गई। आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव, उपाध्यक्ष विष्णु यादव, गहिरा गुरु राजेश यादव, चंद्रहास यादव यादव, विजय यादव, पवन यादव, ललित यादव, नारायण यादव, मनीष यादव, गोविंदा यादव, नारायण यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मर्चेंट नेवी में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**भिलाई।** मर्चेंट नेवी में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि सडक नंबर 10 जोन-3 वार्ड निवासी 48 खुर्सीपार मो. मोनुद्दीन ने अपने बेटा शाहबाद अहमद को नौकरी लगवाने के नाम पर मुम्बई निवासी नदीम फेजल उर्फ मोह. अनसारी को 1.50 लाख रूपये खाते में ट्रांसफर किया था। शहबाज बनारस से नेवी का कोर्स किया हैं, वर्तमान में मुम्बई में रहता है। बेटा बिस्मिल्लाह गेस्ट हाउस 15 मास्टर बिल्डिंग कन्डेल स्ट्रीट नियर गाली मुम्बई 9 के मकान में किराया पर रूका था। जहां गेस्ट हाउस का मालिक नदीम फेजल उर्फ मोह. अनसारी से पहचान होने पर मई 2025 में नदीम फेजल ने बेटे को मर्चेंट नेवी में नौकरी लगाने के लिए तीन लाख रुपए लगने का झांसा दिया। नदीम फेजल ने मोबाइल नंबर से दिनांक 21 मई को बातचीच कर नौकरी लगाने के नाम पर रुपए का डिमांड किया। भरोसे में उसके केनरा बैंक खाते में 1.50 लाख रुपए ट्रांसफर किया। दो माह बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लग पाई। बल्कि आरोपी ने दो माह के भीतर नौकरी लगाने का झांसा दिया था।

### शिशुमंदिर में जन्माष्टमी की रही धूम

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में कृष्ण जन्माष्टमी और गोविंदोत्सव का आयोजन किया गया । शिशु मंदिर के भैया बहनों ने राधा कृष्ण का रूप धारण कर पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात दही लुट का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भैया बहनों ने दही लूट में हिस्सा लिया। पटेवा के कर्मा माता मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रामनाम सप्ताह एवं दूसरे दिन दही लूट का आयोजन किया गया। इस मौके पर मटका फोड़, सुरीली कुर्सी दौड़, रस्सीकसी का भी आयोजन हुआ। शीतला चौक की टीम ने दही हांड़ी लूट कर 16 हजार हासिल किया। इस दौरान संरक्षक तरुण कुमार दुबे, प्रशांत वर्मा, नितिन साहू, बिल्लू साहू, सरपंच लक्ष्मीविलाल वर्मा, उपसरपंच बिरेन्द्र हिरवानी, प्रमोद दुबे, हरिशंकर साहू सहित बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

### अधिकारी-कर्मचारी 22 को करेंगे आंदोलन

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने आगामी 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल करने का निर्णय लिया है। आंदोलन को लेकर गत दिनों विश्रामगृह में तैयारी बैठक रखी गई। फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक भेलसिंह वर्मा की अध्यक्षता में रणनीति बनाई गई। मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने बताया कि फेडरेशन ने 16 जुलाई को 11 सूत्रीय मांगों का सीएम और सीएस के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। अब दूसरे चरण में आगामी 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल किया जाएगा। सरकार मांगों को नहीं मानती है तो तीसरे चरण में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। फेडरेशन के महामंत्री डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने सभी संगठनों से 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल होने का आव्हान किया है। बैठक में शामिल सभी संगठनों ने एकमत होकर हड़ताल को समर्थन दिया।

पेज 11 का शेष

### चाकू से हमला किया ...

हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल जलेश्वर को तत्काल खण्डसरा अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 109(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया। जांच के दौरान नाबालिग ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथी ललित साहू के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। ललित साहू की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त सब्जी काटने का चाकू पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी ललित साहू पिता स्व. शत्रुहन साहू 18 वर्ष 10 माह निवासी बेतर चौकी खण्डसरा को 17 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। वहीं नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# प्रिंसिपल के खिलाफ एबीवीपी ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

शैक्षणिक अधोसंरचना और शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर के आत्मानंद स्कूल को पीएमश्री योजना में शामिल किया गया है। सोमवार को सात बिंदुओं में स्कूल प्राचार्य के ऊपर आरोप का ज्ञापन पत्र एबीवीपी द्वारा कलेक्टर बेमेतरा के नाम तहसीलदार को सौंपा गया। अव्यवस्था, असुविधा, भेदभाव, एडमिशन में धांधली, बिना सूचना के अनुपस्थिति जैसा आरोप प्रिंसिपल पर लगाया गया है। दुर्व्यवहार और भेदभाव पर हिंदी मीडियम शिक्षक गुलाब साहू, योगेश प्रजापति,के. प्रसाद पटेल, गौरव कुमार ने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है, फ्रेंडली नेचर के हैं प्रिंसिपल। ज्ञापन बिंदु 7 पर उल्लेखित पार्किंग की समस्या को शिक्षक स्टॉफ द्वारा सही ठहराया गया। नगर मंत्री एबीवीपी धमधा इकाई वामन ताम्रकार ने बताया कि 2 महीने पहले लिखित में कलेक्टर को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है। आज तक समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

**आरोप बेबुनियाद: प्राचार्य:** प्राचार्य अनिल कुमार डहले ने कहा कि एडमिशन में धांधली नहीं हुई है, यदि शंका है तो आप आरटीआई से इसकी जानकारी ले सकते हैं। पार्किंग पर फंड का अभाव बताया गया। तथ्य के बिना निराधार, बेबुनियाद आरोप की बात कह कर स्कूल की समस्या से उच्च कार्यालय को अवगत कराया गया है।

## सात बिंदुओं पर तहसीलदार को दिया ज्ञापन



### प्रदर्शन के दौरान छात्रा हुई बेहोश

प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए एबीवीपी के 20 से 25 सदस्यों के द्वारा स्कूल के मेन गेट पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समस्या के निराकरण का प्रिंसिपल ने आश्वासन दिया। उमसभरी गर्मी से बेहाल 12 वीं की स्टूडेंट हीरामणि ठाकुर प्रदर्शन के दौरान बेहोश होकर गिर गई, तुरंत प्राथमिक उपचार किया गया। समस्या का समाधान नहीं होने पर भविष्य में चरण बद्ध आंदोलन की चेतावनी भी दिया गया है। प्रदर्शन के दौरान तहसीलदार देवकर सीता राम कंवर और पुलिस बल देवकर भी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई।

**जायजा**

**कलेक्टर ने खिलौरा में किया डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण**

# फसलों का डिजिटल रिकार्ड तैयार करने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ सीजन 2025 के लिए किसानों द्वारा बोई गई फसलों का डिजिटल रिकार्ड तैयार करने का कार्य बेमेतरा जिले में प्रारंभ हो गया है। इस कार्य को और अधिक पारदर्शी एवं सटीक बनाने के उद्देश्य से जिले में राजस्व अधिकारियों और पटवारियों को विशेष व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं अपर कलेक्टर डॉ. अनिल कुमार बाजपेई ने तहसील बेमेतरा के ग्राम खिलौरा में पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पटवारियों से खेतों में खड़ी फसल का मोबाइल एप में एंट्री करने की प्रक्रिया का विस्तार से परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि किसानों के खेत का सर्वे करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि फसल का प्रकार, रकबा, सिंचाई की स्थिति, खेत का भू-आकृति विवरण और आस-पास की सुविधाएं जैसे कुआं, सड़क, नहर आदि



सही-सही दर्ज हों। किसी भी प्रकार की लापरवाही से सर्वे की सटीकता पर असर पड़ेगा, इसलिए पूरी गंभीरता और सावधानी से कार्य किया जाए।

कलेक्टर ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा, क्योंकि इस प्रक्रिया से जिले का एक पारदर्शी और वास्तविक डाटाबेस तैयार होगा। इससे किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, बीमा दावा, आपदा राहत तथा कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि सर्वे के कार्य में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर पढ़े-लिखे चयनित युवाओं को प्रशिक्षित कर सर्वेयर नियुक्त किया गया है। इन युवाओं को आधुनिक तकनीक और मोबाइल एप के माध्यम से डाटा एंट्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर ने कहा कि इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि सर्वे कार्य भी तेजी और सटीकता से पूरा होगा। अपर कलेक्टर डॉ. बाजपेई ने भी उपस्थित राजस्व अमले से चर्चा करते हुए कहा कि यह कार्य जिले के कृषि भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों और सर्वेयर युवाओं को सलाह दी कि यदि सर्वे के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या या व्यवहारिक कठिनाई आती है तो उसे तत्काल उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। निरीक्षण के अवसर पर कलेक्टर ने किसानों से भी संवाद कर उनकी फसलों की स्थिति और मौसम की परिस्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से कहा कि इस बार का डिजिटल सर्वे आगे आने वाले वर्षों के लिए भी आधार बनेगा, इसलिए सभी लोग सही जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करें। इस मौके पर तहसीलदार बेमेतरा, संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक, विभागीय अधिकारी तथा नियुक्त सर्वेयर युवा उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी को पुण्यतिथि पर किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर में भाजपाइयों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने अटल जी को श्रद्धा, सुमन अर्पीत कर एवं उनके दिखाए गए, बहुप्रतिष्ठित सर्वमान्य मार्गों पर चलने का संकल्प दोहराया। इस दौरान बारी बारी से कार्यकर्ताओं ने चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। साजा जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को याद किया, उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने इस दौरान कहा, अटल जी की आलोचना विरोधी भी नहीं करते थे। अटल जी अपने सिद्धांतों पर आजीवन अटल रहे। राजेश ठाकुर ने बताया, अटल जी एक कुशल कवि, पत्रकार और प्रखर वक्ता थे। वे जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। और लंबे समय तक अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने राष्ट्र धर्म पांचजन्य और वीर अर्जुन जैसी राष्ट्रीय पत्रिका को भी संपादन किया। वाजपेई जी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्त्रोत थे। उनका ना होना, देश के लिए बहुत बड़े क्षति है। इस मौके पर अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, लोकनाथ पटेल, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, हरदत साहू, सोनू शर्मा, गोपाल वर्मा उपस्थित थे।

- **अटलजी अपने सिद्धांतों पर आजीवन अटल रहे**

## संकुल प्राचार्यों को 6 मास्टर ट्रेनर्स ने दिये प्रशिक्षण

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत जिले के हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में प्रारम्भ हुआ। प्रथम दिवस प्रशिक्षण में बेमेतरा विकासखंड एवं नवागढ़ विकासखंड के संकुल प्राचार्य ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। पहले दिन के प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान में संकुल प्राचार्यों का मुख्य दायित्व विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



सुनिश्चित करना है। इसके लिए, उन्हें शिक्षकों को प्रेरित करना, आधुनिक शिक्षण विधियों का उपयोग करना, और छात्रों के सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना होगा। यह आकलन बिंदुओं के आधार पर होगा। मास्टर ट्रेनर्स जितेंद्र मास्टर ट्रेलर्स जितेंद्र सिन्हा ने बताया कि समिति में पांच सदस्य रहेंगे, जो मिलकर आकलन करेंगे। मास्टर ट्रेनर्स विकेश कुमार यादव ने अंकेक्षण टीम के गठन से लेकर आकलन करने तक की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से सभी संकुल प्राचार्य को जहां बताया गया वही डाइट जानकारी दी गई कि सभी संकुल प्राचार्य यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर 20 अगस्त को अपने-अपने संकुल केन्द्र में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और उनकी मॉनिटरिंग सीधे राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के द्वारा की जाएगी। प्रशिक्षण देने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर की ओर से 6 मास्टर ट्रेनर्स राज्य स्त्रोत व्यक्ति की नियुक्ति की गई है, जो संकुल प्राचार्यों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने अपने गाइडलाइन में कहा है कि सभी संकुल प्राचार्य को इस प्रशिक्षण को अत्यंत गंभीरता लेना है।

## सतनामी समाज ने मनाई वीर गुरु बालक दास जयंती

**नवागढ़।** वीर बलिदानी राजा गुरु बालक दास की जयंती पर रविवार को नगर के सतनाम भवन में सतनामी समाज की ओर से भव्य रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु बालक दास के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद रक्तदान शिविर की औपचारिक शुरुआत की गई।

सुबह से ही बड़ी संख्या में युवक-युवतियां रक्तदान के लिए पहुंचते रहे। पंजीयन कक्ष में लंबी कतारें लगीं और युवाओं ने गर्व के साथ रक्तदान कर समाज में मानवता और सेवा का संदेश दिया।

आयोजन में शामिल युवाओं ने



कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके, यही सबसे बड़ी सेवा है। सतनामी समाज के अलावा अन्य समाज के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने स्वेच्छा से रक्तदान कर गुरु बालक दास के बलिदानी जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प दोहराया।

रक्तदान महोत्सव में कुल 58 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र के साथ हेलमेट भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिल रही है और समाज में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

## ग्रास रूट इनोवेशन समझने जुटे समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और सेना आर्मी



**बेमेतरा।** मानव तीर्थ संस्थान ग्राम किरीतपुर में रविवार एक विशेष और अविस्मरणीय आयोजन हुआ। ग्रास रूट इनोवेशन को समझने जिले के 20 से अधिक समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और सेना आर्मी से जुड़े लोग जुटें, जिसमें विशिष्ट सेवा मेडल ब्रिगेडियर रिटा. पी. गणेशम की विशेष मौजूदगी रही। श्री गणेशम भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वर्षों तक कार्य कर चुके हैं और इनके विंडो मशीन इनोवेशन से भारतीय सेना को पहला पेटेंट प्राप्त हुआ।

सेवानिवृत्ति पश्चात तेलंगाना में पल्ले सृजनम (सुंदर ग्राम) संस्था स्थापित किये और उसके माध्यम से देशभर में समाजसेवा और ग्रास रूट इनोवेशन के अद्भुत कार्य कर रहे हैं। अब तक 100 से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनकी इनोवशन के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार दिलवाने का गौरव प्रयासों से संभव हुआ है। इसमें से पोचंपल्लि हैंडलूम मशीन का इनोवेशन बहुत प्रसिद्ध है और उनके इनोवेटर मलेषम पर एक फीचर फिल्म भी बना।

इस दौरान ब्रिगेडियर के व्यक्तव्य से ग्रास रूट इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के बारे में बहुत सारी जानकारी प्राप्त हुई और अपने अपने ग्रामीण क्षेत्रों में इंनोवेटिव लो-कोस्ट एफिसिएंट टेक्नोलॉजी के लिए बहुत जानकारी प्राप्त हुई। जिसको हम अपने परिवार, समाज और देश के लिए उपयोग कर सकते है। इंनोवेटिव केवल किसी टेक्निकल क्षेत्र में हो यह जरूरी नहीं है। यह मानव के सभी आयाम मे हो सकता है और हर उम्र का व्यक्ति इसे कर सकता है। इस दौरान मानव तीर्थ संस्थान से साधन भट्टाचार्य, आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं माइनिंग इंजीनियर ने कहा कि इस पहल से हम छत्तीसगढ़ में ग्रामीण क्षेत्र में कुछ अच्छा कार्य कर पाए इसी कामना से इस प्रकार के आयोजन करते हैं जहाँ समाज के परश्रमि और सेवा भावी लोग एकत्रित हो पाएं। यह संगम सभी के हृदय में नई प्रेरणा, उत्साह और सेवा का संकल्प छोड़ गया। इस अवसर पर रजककार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, लोक सेवा आयोग छ.ग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रवीण वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

### दही लूट में कौड़ीकसा के युवा विजेता

**मोहला।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुर में आयोजित दही लूट में ग्राम पंचायत कौड़ीकसा के युवाओं ने खिताब हासिल किया। विजेता युवाओं को आयोजकों ने 51 हजार तथा शील्ड प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में कौड़ीकसा सोनझरी पारा के सुरेंद्र मरकाम, धर्मेंद्र मरकाम, देवीलाल मंडावी, यशवंत मरकाम, बहादुर, बिश्वेश्वर, किशन मंडावी, दिनेश गावडे, कचारू, करण, गोलू, महेन्द्र, दिनेश, जितेन्द्र, बृजेश आदि शामिल हुए।

## शहर ब्लॉक कांग्रेस की संगठन सृजन पर बैठक

**बेमेतरा।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन सृजन के तहत मंडल और सेक्टर पुनर्गठन को लेकर चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव रखे। इस दौरान मंडल–सेक्टर पुनर्गठन प्रभारी विजय पारख ने कहा कि पार्टी जल्द ही मंडल, सेक्टर और बूथ कमेटियों का पुनर्गठन करने जा रही है। इसमें निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि सेक्टर और मंडल स्तर पर लगातार बैठकें लेकर कमेटियों को ज्यादा प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया में सक्रियता बढ़ाने की भी बात कही। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने बताया कि पहले से शहर में जोन और सेक्टर कमेटियां गठित हैं। अब इनका विस्तार कर शहर में 2 मंडल और 5 से 6 सेक्टर कमेटियां बनाने का प्रस्ताव जिला कांग्रेस अध्यक्ष को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन में जुझारू और समर्पित कार्यकर्ताओं को स्थान मिलेगा। जल्द ही मंडल–सेक्टर स्तर पर बैठक लेकर नई कमेटियों का गठन किया जाएगा। बैठक को जिला महामंत्री ललित विश्वकर्मा, टी.आर. जनार्दन और मनोज शर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक में पार्षद रीता पांडेय, रश्मि मिश्रा, प्रकाश ठाकुर, नीलम टंडन, रेहाना रवानी, अजय सेन, प्रतीक दुबे, देवचरण गोसाई, वैभव मिश्रा, नारायण छाबड़ा, रेवेंद्र देवांगन, जनता साहू, हेमिन यादव, ओमप्रकाश साहू, चंदू शीतलानी, सहोदरा नवरंगे, सीमा साहू, रामसजीवन टंडन, विकास चौबे, रोमन वर्मा, रूपसिंह साहू, राघवेंद्र मनु, बालकदास मानिकपुरी, निलेश ठाकुर, गुरेंद्र वर्मा, कैलाश साहू, शंकर चौहान, सुरेंद्र वर्मा, राहुल जोशी, उत्पल गायकवाड़, राजेंद्र कुमार, शुभ आजमानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।




**स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया**

# क्षेत्र में आन-बान व शान से जगह-जगह लहराया गया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत भवन, शासकीय भवनों, आंगनबाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, शासकीय हाईस्कूल, मिडिल स्कूल, प्राथमिक स्कूल सहित सरस्वती शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत कर देशभक्ति की भावनाओं को प्रकट किया गया। तिरंगा फहराने के बाद बच्चों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम में आजादी का महत्व, बलिदान का संदेश और एकता की ताकत याद दिला दी। भारत का स्वतंत्रता दिवस आजादी का प्रतीक है। यह दिन हमें उन महान सेनानियों एवं क्रांतिकारी नेताओं की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया 15 अगस्त 1947 को भारत ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की ।




इस दिन को हम राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले पर तिरंगा फहराया और देश को संबोधित किया। स्वतंत्रता दिवस हमें हमारी आजादी की याद दिलाता है और हमें अपने देश के प्रति गर्व महसूस करता है। यह दिन उन वीर स्वतंत्रता से सेनानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। पंचायत भवन,विघादायिनी शिशु मंदिर और शासकीय हाई स्कूल प्राथमिक मिडिल स्कूल सहित सभी स्कूलों में तिरंगा फहराया गया। इसके उपरांत कक्षा 5वीं, 8वीं 10वीं और 12वीं के टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रशास्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जहां सम्मान प्राप्त करते हुए बच्चों के चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। इस प्रकार के सार्वजनिक मंच पर विद्यार्थियों को सम्मानित करना उनके आत्मबल को बढ़ता है और शिक्षा के प्रति रूचि को प्रोत्साहित करता है। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की।

**जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की रही सक्रिय सहभागिता:** कार्यक्रम में सरपंच बिसाहू राम साहू, प्राचार्य शिवकुमारी डोडरे ,शिक्षक छबिलाल साहू, कृष्ण कुमार रायकर, कुंज लाल जायसवाल, कल्याणी साहू, नीरज कोसले, माहेश्वरी राजपूत, अनीता साहू, मलेशवर पटेल, दुर्गेश साहू, सहित पंचगण और ग्रामीणजन सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की गारिमामयी उपस्थित रहीं।यह आयोजन गांव की सामुदायिक एकजुटता और देशभक्तित के जज्बे का प्रतीक बन गया।

## खबर संक्षेप



### दान दाताओं ने 56 यूनिट रक्त किया डोनेट

**बेमेतरा।** नवागढ़ विकासखण्ड में रविवार राजा गुरु बालकदास जयंती के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्तदाताओं के सहयोग से 56 यूनिट रक्त डोनेट किया गया। यह रक्तदान शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर एवं सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के देखरेख में रखा गया था। उक्त आयोजन में डेविड बंसल, डायमंड राय, अभिषेक जोशी, सुनील पात्रे, हर्ष बघेल, अविनाश, मिथिलेश वर्मा, राहुल भास्कर, दीपक दिनकर, शुभम, अमित पाटले, अखिलेश मारखांडे, धर्मेंद्र, मनोज नवरगे, गिरेंद्र महिलांगे, संतन बंजारे, उमेश बंजारे सहित समाज के अन्य जनों का सराहनीय भूमिका रही रही। इस दौरान जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक बेमेतरा से पैथोलॉजिस्ट डॉ पीसी पोपटानी, एमएलटी विजय कुमार दौरे, भूपेंद्र कुर्रे, धन्नू वर्मा, कुलेश्वरी साहू ब्लड बैंक काउंसलर, हरिशंकर, राम चरण वाहन चालक, हर्ष चौहान वार्ड बॉय इन सभी ने सेवाएं प्रदान किए, जिला अस्पताल की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही रक्तदान शिविर में शामिल सहयोगियों द्वारा रक्तदाताओं को हेलमेट का भी वितरण किया गया।

### धारदार चाकू लेकर डराने धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** लोगों को चाकू लेकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि चुड़ी लाईन सुपेला के पास प्रगति नगर केम्प 01 निवासी हरजित सिंह लोगों को चाकू लेकर डरा रहा था।

### ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर 201 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत अभियान चलाकर शहर के विभिन्न मार्गों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस के नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई कर 201 चालान बनाए गए। शराब पीकर वाहन चलाने पर 2 चालको, मॉडिफाइड साइलेंसर उपयोग करने पर एक वाहन पर कार्रवाई की गई। मोडिफाई साइलेंसर का 5 हजार का चालान किया। अभियान के दौरान कुल 62 हजार 400 रुपए समन शुल्क वसूला गया।

### वाशरूम में मिला पांच माह का भ्रूण

**भिलाई।** पांच माह का वाशरूम में भ्रूण मिलने पर सनसनी फैल गई। घटना स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया रविवार की सुबह मॉडल टाउन आदर्श नगर में किराए के मकान में रहने वाला लोगों के कॉमन वॉश रूम में एक भ्रुण मिला। जिसे किराएदार ने देखा और सूचना पूलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच करना शुरु कर दिया है। फोरेंसिक टीम भी पहुंची और भ्रूण को कब्जे लेकर मेड़िकल कालेज भेजा गया। पुलिस उक्त भ्रुण के बारे में पता चला रही है कि किसका है। किस महिला का गर्भपात कराया कराया गया।

## पर्व : दही लूट और अखाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र

# कृष्ण जन्माष्टमी पर सशिमं में निकाली झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

सरस्वती शिशु मंदिर साजा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा गाजे-बाजे के साथ मनमोहक झांकियां निकाली गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। झांकी निकलने से पहले प्रधानाचार्य गुनीराम साहू और सभी शिक्षिकाओं ने झांकी में शामिल बच्चों की पूजा-अर्चना की। बच्चे राधा-कृष्ण, सुदामा, देवकी, यशोदा, मीरा, बलराम और सखी के रूप में सजे हुए थे। इनमें अन्वेश वर्मा, गौरव साहू, स्वाती यादव और स्वाती क्षत्री ने कृष्ण का रूप धारण किया, जबकि सिद्धि वर्मा, तारा यादव, श्रेया राजपूत, अंजली जंघेल, गीतांजली साहू ने राधा और खुशी निर्मलकर, अदिति कश्यप ने यशोदा का किरदार निभाया। यह आकर्षक झांकी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण से निकलकर नगर के बस स्टैंड से होते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान विद्यालय के मुख्य द्वार और वर्मा पारा में मटका फोड़ दही लूट का आयोजन किया गया, जिसका बच्चों ने खूब आनंद लिया। नगरवासियों ने भी इस मनमोहक झांकी का खूब आनंद उठाया। इस आयोजन में कई लोगों ने सहयोग किया, जिनमें आर के फैशन हाउस द्वारा मिठाई, महावीर कृषि केंद्र और गिरिराज प्रोविजन द्वारा चॉकलेट, जितेंद्र अरुण कोठारी और वर्मा स्टेशनरी द्वारा बिस्किट, नारायण किराना स्टोर्स द्वारा चॉकलेट, पार्षद पार्वती वर्मा द्वारा दही हांडी, डिकेश वर्मा द्वारा बिस्किट और चॉकलेट, व्यवस्थापक श्री कमल किशोर राठी द्वारा बिस्किट, और सिन्हा फल भंडार द्वारा फल वितरित किए गए।





### कृष्ण जन्माष्टमी में शामिल हुए योगेश तिवारी

**बेमेतरा।** ग्राम सिंघौरी (देवरबीजा) एवं ग्राम खम्हरिया डी में कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में योगेश तिवारी शामिल हुए। ग्राम सिंघौरी देवरबीजा में यादव समाज ने विशेष आयोजन किए।

- सिंघौरी और खम्हरिया डी में हुआ कार्यक्रम

इसमें क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती एवं पूजा-अर्चना में भाग लेकर समाजजनों के साथ जन्मोत्सव की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को और भी भक्ति भाव से सराबोर कर दिया।

वहीं ग्राम खम्हरिया डी में जन्माष्टमी महोत्सव पर आकर्षक भजन-कीर्तन एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष रूप से बच्चों और युवाओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा – भगवान श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, कर्तव्य, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनका बचपन हमें आनंद और सरलता का संदेश देता है तो गीता के उपदेश हमें जीवन की जटिल परिस्थितियों से उबरने का मार्ग दिखाते हैं। जन्माष्टमी का यह पर्व केवल भक्ति का ही नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारा, एकता और सद्भावना का प्रतीक भी है।




कार्यक्रम में संतोषी यशवंत निषाद जनपद सदस्य, श्यामा संजय यदु सरपंच सिंघौरी, संजीव तिवारी सेवा सहकारी समिति देवबीजा अध्यक्षगुगलू यादव, बहल यादव, सुशीलपुरी गोस्वामी, केशलाल साहू, चित्रेन साहू, हरि यादव, चुम्मन यादव, बलदाऊ साहू पूर्व सरपंच, प्रकासपुरी गोस्वामी, श्याम संजय यदु सरपंच,गोरेलाल साहू।प्रकाश पूरी गोस्वामी, राजकुमारीसाहू, ओमप्रकाश, नेतराम, जागेश्वरी, विजय, पंचराम ,लालाराम, राकेश, तीरथ, लालारामचैतराम साहू, सोभऊ साहू, उसेन साहू, प्रेमलाल साहू आदि उपस्थित थे।

### नगर में धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व

**थान खम्हरिया।** नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, जगन्नाथ मंदिर अन्य वार्डों में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर क्षेत्र वासियों को रात्रि में 12 बजे के बाद भगवान श्री कृष्ण की आराधना के बाद उपवास खोला। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह-जगह रंगीन झालरों और रोशनी से पूरा वातावरण भक्ति से सराबोर रहा। राधा कृष्ण जमात मंदिर में रात्रि द्वारा देर रात तक मंदिर में भजन, कीर्तन और महंत बसंत दास के द्वारा भगवान का अभिषेक किया गया। पूरे नगर में वातावरण भक्ति मय और उल्लास पूर्ण रहा। श्रद्धालुओं ने परिवार के सुख समृद्धि और नगर के खुशहाली के लिए प्रार्थना की। श्री कृष्ण जन्मोत्सव को आस्था और आनंद के साथ मनाते हुए, भक्ति की अद्भुत छटा बिखेरी। दूसरे दिन भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।



### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा



**साजा।** रविवार को साजा में यादव समाज द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भगवान श्री कृष्ण की एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पूरे शहर का भ्रमण करते हुए राधा कृष्ण मंदिर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर दही लूट का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सदस्य और प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण पुराना बस स्टैंड में अखाड़ा रहा, जिसे देखने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा। शोभायात्रा की शुरुआत राधा कृष्ण मंदिर, भाटापारा से हुई और यह वर्मा चौक, भरतपुर चौक, पुराना बाजार और महामाया मंदिर चौक से होते हुए वापस पुराना राम मंदिर पहुंची और अंत में राधा कृष्ण मंदिर भाटापारा में इसका समापन हुआ।।इस दौरान यादव समाज के जिला अध्यक्ष रविन्द्र यादव, सर्किल अध्यक्ष संतोष लारा यादव, डेनिश यादव, संतोष यादव, शंकर यादव, अशोक यादव, कमलेश यादव, यशवंत यादव, राजाराम यादव, खेदु यादव, नानहू यादव, शेखर यादव, द्वारिका यादव, नरेंद्र यादव, ईश्वर यादव, अश्विनी यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इनके साथ ही, नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा और सभी पार्षदगण भी उपस्थित थे।

## सिंघरौर कुर्मी समाज की परिक्षेत्रीय बैठकें हुईं शुरू



**बेमेतरा।** सिंघरौर कुर्मी समाज में परिक्षेत्रीय बैठकों का शुभारंभ रविवार को जिया गांव से हुआ। इस मौके पर समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र वर्मा ने कहा कि समाज में सामाजिक गतिविधियों को गति देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर आने वाली पीढ़ी के लिए एक शिक्षित और सशक्त समाज का निर्माण करना होगा। इसी दिशा में जल्द ही समाज का नियमावली तैयार कर लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व पदाधिकारियों द्वारा बनाए गए नियम आज भी समाज में लागू हैं। उसी परंपरा का अनुसरण करते हुए नई नियमावली बनाई जाएगी, ताकि समाज शिक्षा, अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में मजबूती से आगे बढ़ सके। बैठक के दौरान जिया परिक्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं और जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित :** समाज के उपाध्यक्ष खेमसिंह वर्मा, रीना वर्मा, कोषाध्यक्ष हेमसिंह वर्मा, सचिव ललित वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुखदेव वर्मा ने किया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर स्कूल में हुआ गीता ज्ञान सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

मानव उत्थान सेवा समिति तहसील नवागढ़ के तत्वावधान में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ऋषयन पब्लिक स्कूल सम्बलपुर में गीता ज्ञान सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हरिद्वार, वाराणसी और मथुरा-वृंदावन से पधारे संतों ने गीता, रामायण, वेद-पुराण आदि धर्मग्रंथों पर आधारित सारगर्भित प्रवचन दिए। वाराणसी से आई महात्मा अनंता बाई ने कहा कि भगवान की कृपा से ही सत्संग की प्राप्ति होती है। सत्संग के प्रभाव से मनुष्य की वृत्ति बदल जाती है और उसका जीवन श्रेष्ठ बन जाता है। मथुरा-वृंदावन से पधारे महात्मा हृदयानंद जी ने गीता के उपदेशों का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिव्य नेत्र प्रदान कर विराट स्वरूप का दर्शन कराया और धर्मयुद्ध के लिए तैयार किया। हरिद्वार से आई महात्मा भुवनेश्वरी बाई ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है तब-तब भगवान अवतार धारण करते हैं। परंतु बिना गुरु के मनुष्य भगवान के वास्तविक स्वरूप को नहीं पहचान पाता। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हनुमान प्रसाद तिवारी, नरेन्द्र साहू, संगीता तिवारी, खेमिन साहू, लक्ष्मी साहू, सरोज साहू, गंगोत्री, जानकी, माधुरी, तनु, सेवक राम साहू, ओमप्रकाश साहू, योगेन्द्र साहू, नारायण निषाद सहित अन्य का योगदान सराहनीय रहा।




## कृषि कॉलेज में नवप्रवेशित छात्रों का हुआ दीक्षारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया, बेमेतरा में बीएससी एग्रीकल्चर (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का सात दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आरंभ हुआ। यह कार्यक्रम 18 से 22 अगस्त तक आयोजित होगा।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस का आयोजन वर्चुअल मोड में किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे ने अपने उद्बोधन में कृषि के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि खेती केवल पारंपरिक कार्य न होकर तकनीकों के सही उपयोग से नए आयाम देने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। आईआईटी भिलाई, दुर्ग के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए बताया कि विद्यार्थी एक साथ दो डिग्रियां भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। डॉ. एसबी वेरुलकर एवं डॉ. आरपी कुजुर ने ऑपरेशनल फ्रेमवर्क ऑफ अकादमिक प्रोसेस इन द यूनिवर्सिटी विषय पर व्याख्यान दिया। साथ ही उन्होंने डिजिटल लर्निंग, ऑनलाइन क्लासेस और इंडस्ट्री–इंस्टीट्यूट सहयोग की महत्ता बताते हुए छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार सृजन की दिशा में मार्गदर्शन दिया। सात दिवसीय इस दीक्षारंभ कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचार से अवगत कराएंगे।



## तादुला जलाशय से पानी छोड़ने पूर्व विधायक ने लिखा कलेक्टर को पत्र

**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर उनसे जिले के बेरला विकासखंड में तांदुला जलाशय से नहर के माध्यम से पानी छोड़ने की मांग की है ज्ञात होगी बेमेतरा जिला अल्प वृष्टि को झेल रहा है। साथ ही साथ बेमेतरा जिले में समय पर समय बिजली गुल की समस्या तथा जिले में ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत साज सामान की कमी के चलते किसानों को मिलने वाली बिजली में कमी को देखते हुए जिले के उसे हिस्से में जहां जलाशय से पानी प्राप्त हो सकता है, कम से कम ऐसे स्थान में अति शीघ्र पानी छोड़ जाए। पत्र में तांदुला जलाशय से पानी छोड़ने हेतु पहल करने की बात आशीष छाबड़ा ने की है। ज्ञात हो कि पहले भी पानी की कमी होने पर तांदुला जलाशय से पानी छोड़ा जाता रहा है। किंतु अब तक पानी नहीं छोड़ने से बेरला विकासखंड क्षेत्र में फसल चौपट होने के कगार पर आ चुकी है। किसान परेशान है खेतों में दरारें पड़ गई है, खड़ी फसल सूख रही है। ऐसे में पानी की कमी किसानों का जीना दूभर कर दिया है। पत्र में पूर्व विधायक ने जलाशय से पानी नहीं छोड़े जाने की स्थिति में आंदोलन करने की बात भी कही है।



## शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ महिलाएं पहुंचीं कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

ग्राम बदनारा की सैकड़ों महिलाएं गुस्से से भरी और हिम्मत के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। हाथों में आवेदन इन महिलाओं ने कहा – गांव में शांति चाहिए, शराब नहीं। महिलाओं का आरोप था कि बदनारा में अवैध शराब का कारोबार इस कदर बढ़ चुका है कि गांव का सामाजिक माहौल बिगड़ गया है।

- नामजद शिकायत सौंपकर दी चेतावनी, एसडीएम ने कहा टीम बनेगी

गांव की सरपंच भूखनी जांगड़े के नेतृत्व में महिलाओं ने नामजद शिकायत सौंपते हुए कहा कि कुछ लोग खुलेआम कोचियागिरी कर रहे हैं। दिन हो या रात, पाउच और बोतलें ऐसे बिकती हैं जैसे यह कोई सरकारी रोजगार योजना हो। शराबबाजी को लेकर आए दिन विवाद और गाली-गलौज का माहौल बनता है। परिवार और समाज दोनों प्रभावित हो रहे हैं।इस दौरान महिलाओं ने आबकारी महकमे पर अवैध शराब बिक्री पर संरक्षण देने का आरोप लगाया।

कार्रवाई नहीं तो आंदोलन होगा महिलाओं ने कलेक्टर से कहा कि अगर अब भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे और बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। उनका कहना था कि अब तक कई बार शिकायत हुई, लेकिन नतीजा सिर्फ कागजों और बैठकों तक ही सिमट कर रह गया।




### एसडीएम ने कहा कोचियों को बख्शा नहीं जाएगा

महिलाओं के प्रदर्शन पर नवागढ़ एसडीएम दिव्या पोटाई सामने आईं और उन्होंने भरोसा दिलाया – गांव में अवैध शराब की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक विशेष टीम गठित कर निगरानी की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।




